खजूरी कला बरखेड़ा बस्तियों के नागरिकों को वितरित किए अधिकार-पत्र

भोपाल(काप्र)। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि नगरीय क्षेत्र के रहवासियों को भूमि स्वामी अधिकार-पत्र देने की धारणाधिकार योजना से नागरिक भूमि के मालिक बन गये हैं।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले निवासरत नागरिकों का सर्वे किया गया था। सर्वे के आधार पर ऐसे रहवासी, जो 2014 के पूर्व जहां रह रहे थे, वहां उन्हें भूमि स्वामी का अधिकार-पत्र दिया गया है। निवास कार्यालय पर श्रीमती गौर ने खजूरी कला बरखेड़ा पठानी आदि बस्तियों के 61 रहवासियों को भूमि स्वामी अधिकार-पत्र वितरित किये। श्रीमती गौर ने कहा कि जिन रहवासियों को भूमि स्वामी अधिकार-पत्र दिये गये हैं। इससे वे अपना आवास बनाने के लिये बैंक से ऋण ले सकते हैं। अपने घर का बिजली-पानी कनेक्शन आदि भी ले सकतें हैं। उन्हें अब किसी के द्वारा हटाये जाने का डर नहीं रहेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा शहरी क्षेत्र के रहवासियों को यह सौगात दी गई है।

श्रीमती गौर ने कहा कि इस योजना में अब संशोधन कर 2019 तक के रहवासियों को भी शामिल किया जा रहा है। शहरी क्षेत्र में जो व्यक्ति 2019 तक जहां निवास कर रहा था, वहां का सर्वे किया जा रहा है। सर्वे के बाद उन्हें भी भूमि स्वामी अधिकार-पत्र प्रदान किया जायेगा। इस अवसर पर सुरेन्द्र वाटिका, वी शक्ति राव, नीरज सिंह, श्रीमती मधु सिबनानी, एसडीएम एमपी नगर एलके खरे, तहसीलदार एमपी नगर आलोक पारे, नायब तहसीलदार सुश्री शिवांगी खरे और भू-स्वामी अधिकार-पत्र प्राप्त करने वाले हितग्राही उपस्थित रहे।

बजट पर संवाद कल : वित्त मंत्री देवड़ा विषय-विशेषज्ञों से करेंगे संवाद

भोपाल। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये बजट तैयारी के संबंध में बजट पर संवाद 23 जनवरी को आर.सी.व्ही.पी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में सुबह 10:30 बजे से होगा। बजट पर संवाद में वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा विभिन्न क्षेत्रों के विषय विशेषज्ञों के साथ चर्चा कर आगामी बजट को अधिकाधिक जनोपयोगी और प्रभावशाली बनाए जाने के लिए बहुमूल्य सुझाव प्राप्त करेंगे।

वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने एवं भारत की अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन इकोनॉमी बनाए जाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को पूर्ण करने में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में कृत संकल्पित है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए और आम जनता से जुड़ी हुई विभिन्न सुविधाओं को प्रदान करने के लिए श्री देवड़ा के निर्देशन में वित्त विभाग बजट की तैयारी कर रहा है। इसमें विभिन्न क्षेत्रों जैसे बैंकिंग, ग्रामीण-विकास, जनजाति, आर्थिक एवं वाणिज्यिक, जेंडर बजट, पर्यावरण के विशेषज्ञों से सुझाव प्राप्त करने के लिये बजट पर संवाद किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा किसान, युवा, महिला वर्ग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यह लगातार चौथा वर्ष है जब बजट पर संवाद आयोजित किया जा रहा है। बजट पर संवाद कार्यक्रम में बैंकिंग, अर्थशास्त्र, वित्त आयोग, उद्योग क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों जैसे कृषि, उद्यान, चिकित्सा, चार्टर्ड एकाउंटेंसी, फिल्म, में सफलता पूर्वक कार्य कर रहे हितधारकों को भी सुझाव देने के लिये आमंत्रित किया जा रहा है। विकास की राह पर आगे बढ़ रहे आगामी बजट में अपने सुझावों के माध्यम से सहभागिता प्रगति और समृद्धि में आम जनता भी अपना योगदान दे सकेगी। अभी तक हजारों की संख्या में सुझाव प्राप्त हो चुके हैं।

श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर सुंदरकांड, महाआरती, भंडारा आज : पं. मेहता

भोपाल(काप्र)।

राजधानी के विशाल श्रीराम मंदिर गुरबख्श की तलैया में अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर बुधवार 22 जनवरी को भव्य आयोजन होगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष पं. ओम मेहता के अनुसार इस दिन प्रात 9.00 बजे से पं. विजय चतुर्वेदी एवं साथी गणों द्वारा संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन किया जाएगा।

दोपहर 12.00 बजे भगवान श्रीराम की महा आरती के बाद प्रसाद वितरण एवं भंडारा होगा। उन्होंने बताया कि श्री हिंदू अखाड़ा महासंघ की शोभायात्रा 6 कोड़ी के मंदिर इतवारा से प्रारंभ होकर श्रीराम मंदिर पहुंचेगी जिसका ट्रस्ट द्वारा स्वागत कर धर्म ध्वजा फहराई जाएगी। श्रीराम मंदिर की आकर्षक साज सज्जा की जाएगी । श्रीराम मंदिर न्यास के अध्यक्ष पं. मेहता, उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार अरोड़ा, महामंत्री प्रमोद मोदी सचिव, ओमप्रकाश छाबड़ा, कोषाध्यक्ष नितिन शर्मा तथा न्यासीगण सुखदेव राज अठोत्रा, सुभाष अग्रवाल, जयदेव बांगिया, तरसेम शर्मा, ओम प्रकाश जुनेजा, राकेश शर्मा, राजेंद्र प्रसाद शर्मा, देवांश वासुदेव शर्मा, अशोक गांधी एवं मंदिर परिवार ने आयोजन को सफल बनाने का अनुरोध नगर वासियों से किया है।

501 कलशों के साथ निकलेगी यात्रा

अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के अवसर पर भोपाल के अयोध्या नगर में कल कलश यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। मां भवानी महिला मंडल की ओर से बुधवार को आयोजित इस यात्रा में 501 कलशों के साथ सैकड़ों महिलाएं, पुरुष और बच्चे भाग लेंगे। मां भवानी महिला मंडल की अध्यक्ष ललिता यादव ने बताया कि कार्यक्रम में मध्य प्रदेश की राज्य मंत्री कृष्णा गौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी। इसके अलावा क्षेत्रीय पार्षद शिरोमणि शर्मा, पार्षद उर्मिला मौर्या, भाजपा मंडल अध्यक्ष लवकुश और कार्यक्रम संयोजक उमेश तिवारी भी मौजूद रहेंगे।

यात्रा का शुभारंभ पंचमुखी हनुमान मंदिर से होगा, जो अयोध्या नगर और एन सेक्टर से होते हुए समाप्त होगी। कार्यक्रम के समापन पर विशाल प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया जाएगा। यात्रा के दौरान श्रद्धालु जय श्री रानम के जयघोष के साथ भक्तिमय माहौल का निर्माण करेंगे।

एम्स के नवीन प्रशासनिक भवन में कार्यपालक निदेशक का कार्यालय

भोपाल। एम्स के कार्यपालक निदेशक के कार्यालय का औपचारिक प्रवेश कार्यक्रम नए प्रशासनिक भवन कौटिल्य भवन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक प्रो. अजय सिंह के द्वारा पारंपरिक पूजा समारोह का आयोजन किया गया। नव निर्मित कौटिल्य भवन को प्रशासनिक दक्षता और गति को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे और आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह भवन संस्थान के सुचारू संचालन के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में कार्य करेगा, जिससे संस्थान की समग्र वृद्धि और विकास को बढ़ावा मिलेगा।

1073 प्रकरणों में वसूल किए एक लाख 54 हजार 150 रूपए

भोपाल। नगर निगम द्वारा सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों व वायु गुणवत्ता को प्रभावित करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही जारी है। समस्त 21 जोनों के स्वास्थ्य विभाग के अमले के दलों ने मंगलवार को 1073 प्रकरणों में एक लाख 54 हजार 150 रूपये स्पॉट फाईन के रूप में वसूल किए। सीएंडडी वेस्ट के 15 प्रकरणों में 29 हजार 900 रूपये की राशि स्पॉट फाईन/जुर्माने के रूप में वसूल की। निगम प्रशासन ने भवन निर्माताओं से अपील की है कि वह भवन निर्माण के समय ग्रीन नेट का पूरी तरह उपयोग करें और शहर के वायु गुणवत्ता में सुधार हेतु सहयोग करें अन्यथा निगम प्रषासन द्वारा निरंतर सख्त कार्यवाही की जायेगी। स्वास्थ्य विभाग के अमले ने सीएंडडी वेस्ट व भवन निर्माण सामग्री सड़कों, सार्वजनिक स्थलों पर फैलाने वालों तथा निर्माणाधीन भवनों पर ग्रीन नेट न लगाने वालों के विरूद्ध अभियान के तहत कार्यवाही की। सड़कों पर कचरा, गंदगी फैलाने, दो डस्टबिन न रखने, कचरा पृथक-पृथक न रखने, खुले स्थानों पर मूत्र विसर्जित करने, प्रतिबंधित पालीथीन का उपयोग करने सहित अन्य प्रकार से साफ-सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की।

मप्र मानव संसाधन फोरम की बैठक

भोपाल (काप्र)।

मध्य प्रदेश मानव संसाधान फोरम की बैठक राजेश तिवारी की अध्यक्षता में होटल ली पेरल में सम्पन्न हुई।

इसमें मानव संसाधन विकास संबंधित विभिन्न विषयो के प्रशिक्षण की रुपरेखा पर विचार हुआ। सेफ्टी,सामाजिक सुरक्षा, लीगल,मानव व्यवहार, आदि विभिन्न प्रकार के विषयो पर विभिन्न विशेषज्ञों ने अपने सुझाव दिए। विशेष रूप से एनके छिब्बर पूर्व उप महा प्रबंधक बीएचईएल, डॉ. कंचन भाटिया, माखनलाल विश्वविद्यालय के अलावा नाहर स्पिनिंग, वर्धमान स्पिनिंग, इंसुलिन, बैंक आफ इंडिया, आईसर ट्रेक्टर, एमकेएएच आईटीआई, निफ्ट, सागर इन्स्टीट्यूट के करीब 22 पदाधिकारियों ने भाग लिया। वरिष्ठ कानूनी सलाहकार जीके छिब्बर ने सभी प्रतिभागियों का विशेष मार्गदर्शन किया।

शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी को करेंगे मौन धारण

भोपाल। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान देने वाले शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी को प्रात- 11 बजे सभी शासकीय कार्यालयों में 2 मिनिट का मौन रखा जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागाध्यक्ष, संभागीय आयुक्त और समस्त कलेक्टरों को इस आशय के निर्देश जारी किए हैं। शहीद दिवस को सम्पूर्ण गरिमा के साथ मनाने की अपेक्षा की गयी है। इस दिन को व्यापक रूप से आम जनता की भागीदारी से मनाए जाने के लिए प्रात: 11 बजे प्रदेश में कार्य और अन्य गतिविधियाँ रोककर दो मिनिट का मौन रखा जाए।

जहां कहीं संभव हो, दो मिनट के मौन की अवधि शुरू होने तथा समाप्त होने की सूचना सायरन बजाकर या आर्मी गन से दी जायेंगी। सायरन 10:59 बजे से 11 बजे तक बजाए जाने चाहिए और दो मिनट के बाद 11-02 बजे से 11:03 बजे तक पुन: क्लियर सायरन बजाए जाने चाहिए। जहां सायरन उपलब्ध हो वहां यह कार्यविधि अपनाई जाए। सिग्नल (जहां उपलब्ध हो), के अनुसार सभी व्यक्ति खडे हो जाएं और मौन धारण करें। सभी शैक्षणिक संस्थाओं और सार्वजनिक उपक्रमों में शहीद दिवस को पूरी गंम्भीरता के साथ मनाया जाये। स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्रीय एकता के बारे में वार्ताएं और भाषण आयोजित किए जाने के भी निर्देश दिये गये हैं।

भगवान श्रीराम सेवा का सबसे बड़ा उदाहरण: विस्पुते

हमारे यहां अर्थ नहीं, सेवा, समर्पण, त्याग व तपस्या की प्रतिष्ठा है : प्रेमशंकर

भोपाल (काप्र)।

सेवा भारती मध्य भारत प्रांत की ओर से आयोजित एक दिवसीय युवा सेवा संगम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह बौद्धिक प्रमुख दीपक विस्पुते ने कहा कि श्रीराम ने समाज को जागरूक और एकत्रित करने का कार्य सेवा के माध्यम से किया था।

समाज में हजारों ऐसे उदाहरण हैं, जिन्होंने अपनी सेवा से समाज को सशक्त बनाया और आगे बढ़ाया। आज उनका योगदान हमारे समाज की ताकत है। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में प्रसिद्ध न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. सुनील मलिक ने अध्यक्षता की और मुख्य अतिथि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता प्रेमशंकर उपस्थित रहे। वहीं, समापन सत्र की अध्यक्षता सुप्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ डॉ. पीएल बिंद्रा ने की। प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश सेठी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में 350 चयनित युवाओं ने सहभागिता की और समाज सेवा के क्षेत्र में अपने विचार और अनुभव साझा किए। श्री विस्पुते ने युवाओं से आग्रह किया कि वे अपने सेवा के माध्यम से दीपक बनकर समाज को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास करें और एकजुट होकर सेवा भाव से कार्य करें। उन्होंने कहा कि समाज में सेवा का कार्य कर रहे सभी युवा समाज के लिए प्रेरणा हैं। उनका योगदान समाज को नई दिशा और सीख देता है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत की विशेषता यह है कि यहां सेवा हमेशा कर्तव्य के रूप में रहा है।

सामाजिक कार्यकर्ता प्रेमशंकर ने कहा कि सेवा सहज नहीं होती। बिना करुणा के सेवा संभव नहीं है। हमें गर्व है कि आज युवा समाज में सेवा के कार्यों से जुड़ रहे हैं। आज भारत विश्व में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमारे यहां अर्थ जगत को प्रतिष्ठा नहीं है। हमारे यहां सेवा, समर्पण, त्याग और तपस्या की प्रतिष्ठा है। वहीं, डॉ. सुनील मलिक ने कहा कि कई देशों को मुफ्त वैक्सीन उपलब्ध कराना हमारी सेवा दृष्टि का प्रतीक है। सेवा करने वाले हाथ पूजा करने वाले हाथों से अधिक पवित्र होते हैं। इस प्रकार के संगम से सेवा को नए आयाम मिलेंगे। नेत्र विशेषज्ञ डॉ. बिंद्रा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद समाज के पथ प्रदर्शक हैं। उन्होंने युवाओं को नई ऊर्जा और प्रेरणा देने का कार्य किया है। कार्यक्रम में सेवा कार्यों पर आधारित एक फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया, जिसने उपस्थित युवाओं को प्रेरित किया।

एमपी हाउसिंग बोर्ड में 107 संविदा और आउटसोर्स अधिकारियों की होगी नियुक्ति

भोपाल (काप्र)।

मध्य प्रदेश हाउसिंग बोर्ड में कार्यभार की अधिकता को देखते हुए प्रमुख पदों पर भर्ती की तैयारी की जा रही है। बोर्ड में वरिष्ठ अधिकारियों के रिक्त पदों पर 107 संविदा और आउटसोर्स अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी। इस संबंध में बोर्ड के कमिश्नर ने मुख्य अंकेक्षण अधिकारी और लेखा अधिकारी को वित्तीय भार की गणना कर संचालक मंडल के समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। नियुक्त होने वाले अधिकारियों को 9300-34800+3200 से लेकर 15600-39100+6600 के वेतनमान में रखा जाएगा। भर्ती के लिए चार्टर्ड अकाउंटेंट, कनिष्ठ अंकेक्षण अधिकारी, सहायक विधि अधिकारी और सहायक सूचना प्रौद्योगिकी अधिकारी के पदों की संख्या में आंशिक संशोधन किया गया है। इसके अलावा वास्तुविद, उपयंत्री विद्युत और उपयंत्री यांत्रिक पदों पर भी नियुक्तियां की जाएंगी। वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, बोर्ड में कार्यभार अधिक होने और अधिकारियों की कमी के कारण यह भर्ती आवश्यक है। नियुक्त किए जाने वाले अधिकारियों को न केवल बोर्ड मुख्यालय में, बल्कि वृत्त और संभाग मुख्यालयों पर भी तैनात किया जाएगा।

अतिक्रमणों के विरुद्ध की कार्यवाही, सामग्री जप्त

भोपाल। नगर निगम द्वारा सड़कों, फुटपाथों, कॉरीडोर व सार्वजनिक स्थलों से अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने संयुक्त रूप से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यवाही करते हुए सड़कों, फुटपाथों सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर दुकानों के सामने रखा सामान, ठेले, गुमठी, जाली, चबूतरे, अवैध रूप से बने शेड आदि को हटाया और 01 छत ठेले, 01 गुमठी, 01 कांटा सहित अन्य प्रकार की सामग्री जप्त की। दस्ते ने मंगलवार को कोटरा सुल्तानाबाद, पिपलेश्वर शिव मंदिर, राहुल नगर, वैशाली नगर, मैनिट चौराहा, 10 नं. मार्केट, एमपी नगर, सेमरा, राजवीर कालोनी, हाउसिंग बोर्ड कालोनी करोंद, बाग मुगालिया, 80 फिट रोड, इंद्रपुरी, बीमा हास्पिटल, पीपल चौराहा, करोद चौराहा, बैरागढ़ मल्टी लेविल पार्किंग, हलालपुर बस स्टैण्ड, नरेला जोड़, अहिंसा विहार कालोनी, सेवाय काम्प्लेक्स, गुलमोहर कालोनी, गुलमोहर नहर, शब्बन चौराहा, खेड़ापति हनुमान मंदिर में कार्यवाही की।

15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ 25 को

भोपाल। मंत्रालय स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ 25 जनवरी को प्रात: 11 बजे दिलायी जायेगी। इसमें देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली जायेगी। सामान्य प्रशासन विभाग ने अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ नागरिकों को जिलों में शपथ दिलाने के लिए प्रदेश के सभी संभागीय आयुक्त, कलेक्टर और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को निर्देश जारी किये हैं।

वन्य जीव के हमले में मृतक के परिवार को सहायता राशि

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कटनी के ग्राम सनकुई में वन्य जीव के हमले में स्थानीय ग्रामीण धनीराम कोल की मृत्यु पर दु:ख व्यक्त किया है। डॉ. यादव ने परिजन के प्रति संवेदना व्यक्त कर मृतक की पत्नी को 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि दिलवाने के निर्देश दिए हैं।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, भोपाल

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि अचल संपत्ति अंतरण नियम 2016 एवं संशोधन नियम 04.05.2021 के प्रावधानो के नियम 4 के परंतु (क) के अंतर्गत लीज पर आवंटित भूखण्ड क्रमांक ए-120 कोल एण्ड टिम्बर मार्केट वार्ड क्र 76 जोन क्रमांक 17 नगर निगम भोपाल के लिए उपनस्ती निर्माण के लिए निम्न विवरण अनुसार सार्वजनिक सूचना का प्रकाशन किया जाता है।

क्रमांक	लीज पर आवंटित भूखण्ड का विवरण	मूल आवंटी का नाम	वर्तमान आवंटी का नाम	वर्तमान आवंटी के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज
1	भूखण्ड क्रमांक ए-120 साईज 20000 वर्गफीट कोल एण्ड टिम्बर मार्केट वार्ड क्र.76, जोन क्रमांक 17	श्री जाहिद अली खान आत्मज श्री महमूद आली खान	ओमप्रकाश चौकसे आत्मज श्री लाल जी चौकसे	मूल आवंटन पत्र, नामांतरण प्रीमियम जमा रसीद, अनुबंध पत्र, मूल आवंटी से विक्रय पत्र शपथ एवं अन्य

उक्तानुसार विवरण के साथ उपनस्ती निर्माण बाबत किसी व्यक्ति, संस्था को आपत्ति हो तो उक्त सार्वजनिक सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर कार्यालय जोनल अधिकारी जोन क्रमांक 17 करौंद भोपाल में मय दस्तावेजो के अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि में कोई आपत्ति न आने की स्थिति में कार्यलय को प्रस्तुत आवेदन का निराकरण किया जावेगा।

सू.क्र. 1147/024/025 — जोनल अधिकारी जोन क्रमांक 17 नगर निगम भोपाल

नाम परिवर्तन सूचना

मैं, आशीष जैन आयु लगभग 51 वर्ष, आ. श्री अभिनंदन कुमार जैन,निवासी-ड्यूप्लेक्स नं-73, रिक्री विलाज, नियर गांधी नगर, भोपाल (म.प्र.) यह कि मेरे उक्त पुत्र का उसके दी आईकॉनिक स्कूल भदभदा रोड, बिशनखेड़ी, भोपाल में भी नाम सक्षम जैन ही है। यह कि मेरे उक्त पुत्र का नाम त्रुटिवश कुछ दस्तावेज में आरव जैन दर्ज जो गया है। यह कि जबकि मेरे पुत्र का वास्तविक एवं प्रचलित नाम समक्ष जैन है, जिस कारण मेरे उक्त पुत्र को आरव जैन के नाम से ना जाना जाकर सक्षम जैन के नाम से जाना एवं पहचाना जावे एवं सक्षम जैन नाम ही मान्य किया जावे।

3290

नाम परिवर्तन सूचना

पूर्व में मेरा नाम MOHAMMED SIRAJ UDDIN था जो कि मेरे पासपोर्ट पर दर्ज है अब सभी वर्तमान दस्तावेजों में मेरा सही नाम MOHD. SIRAJUDDIN पिता BASHIRUDDIN AHMED निवासी 15 रिसालदार कॉलोनी, स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल के सामने, छोला नाका भोपाल (मध्य प्रदेश) हो गया है अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

3292

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री लक्ष्मी मुखरैया पुत्री श्री भगवत शरण मुखरैया वयस्क निवासी ग्राम व पोस्ट चौचोली सिलवानी रमपुरा खुर्द जिला-रायसेन (म.प्र.) में निवास करता हूँ मेरी पुत्री का नाम लक्ष्मी मुखरैया है मेरी पुत्री के आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरी पुत्री का नाम वेदीका मुखरइया लिखा गया है जबकि मेरी पुत्री लक्ष्मी मुखरैया है आवश्यक दस्तावेज जैसे शैक्षणिक दस्तावेज एवं जन्म प्रमाण-पत्र आदि पर मेरी पुत्री का नाम लक्ष्मी मुखरैया लिखा हुआ है मेरी पुत्री को लक्ष्मी मुखरैया के नाम से ही जाना-पहचाना जाता है। अत: सर्वसाधारण को सूचित हों।

पुराना नाम : वेदीका मुखरइया
नया नाम : लक्ष्मी मुखरैया

3291

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम साबरा बी पत्नी श्री काले खाँ निवासी-25, दिलकुशा बाग, भोपाल के नाम से जानी व पहचानी जाती थी, परंतु अब मेरा नाम श्रीमति सब्बो पत्नी श्री काले खाँ है। अतः अब मुझे श्रीमति सब्बो पत्नी श्री काले खाँ पुत्री श्री याकूब खाँ निवासी-10-बी, सुंदर नगर, अशोका गार्डन, भोपाल के नाम से जाना एवं पहचाना जाए। जिसके प्रमाण हेतु प्रमाणित आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं बैंक की पासबुक है।

3289

खण्डन जाहिर सूचना

दिनांक 02.01.2025 को दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित जाहिर सूचना जो विद्वान अधिवक्ता के.के. पांडे के माध्यम से प्रकाशित कराई गई थी, उक्त जाहिर सूचना श्री विशाल गोन्नाड़े आत्मज श्री रमेश गोन्नाड़े एवं स्नेहा गोन्नाड़े, निवासीगण 4/2 बी-सेक्टर, राजहर्ष कॉलोनी अकबरपुर कोलार रोड, भोपाल के स्वामित्व एवं आधिपत्य का स्वामी होकर भू-खण्ड क्र. 83 पर निर्मित मकान भू-खण्ड क्षेत्रफल 30x50 =1500 वर्गफीट जो कि विनित गृह निर्माण सहकारी समिति संस्था मर्यादित भोपाल द्वारा विकसित होकर विनित कुंज सनखेड़ी, तहसील कोलार, जिला भोपाल म.प्र. में नगर पालिक सीमांओं में वार्ड 83 में स्थित है जिसके संबंध में पक्षकारों के मध्य आपसी समझौता अनुसार सौदा टोकन दिया गया था, जो कि आपसी सहमति के आधार पर निरस्त कर दिया गया है। तथा टोकन राशि के संबंध में पक्षों के मध्य किसी प्रकार का लेन-देन शेष नहीं है। अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस खण्डन जाहिर सूचना के पश्चात् वर्णित भूखण्ड को जो भी क्रय करना चाहता है,वह विक्रेता से संपर्क कर भूमि के संबंध में समव्यवहार करने हेतु स्वतंत्र है।

लोकेश अहिरवार
पता-शॉप नं.1, श्रीराम स्कूल, छोला दशहरा मैदान, भोपाल

3293

कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल

क्रमांक 6649/राजस्व/भोविप्रा/2024
भोपाल, दिनांक 10/12/2024

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की इन्द्रपुरी योजना स्थित भूखण्ड क्रं. 203 सेक्टर-सी, आवंटी श्री निरंजन सिंह आ. श्री हुकूम सिंह के नाम पर आवंटित है आवंटी द्वारा श्री टी.पी.एस. गुलियानी आ. श्री नानक सिंह गुलियानी को अपना मुख्तारआम एवं नामिनी नियुक्त कर दि0 23.03.1999 को मुख्तारआम पंजीकृत कराया गया। मुख्तारआम द्वारा पार्टनर प्रियान्श बिल्डर्स एण्ड डेवलेपर्स ने भूखण्ड पर बहुमंजिला भवन का निर्माण कर श्री टी.पी.एस. गुलियानी ने भूखण्ड पर निर्मित प्रकोष्ठ क्रं. 201 द्वितीय तल स्थित जिसका क्षेत्रफल 460 वर्गफुट का विक्रय श्रीमती अनम्मा सेमुअल पत्नी श्री ए.पी. आर. सेमुअल को कर विक्रय पत्र दि. 28.06.2001 को पंजीकृत कराया गया श्रीमती अनम्मा सेमुअल द्वारा उक्त प्रकोष्ठ का नामान्तरण अपने नाम पर नहीं कराया गया एवं उनका स्वर्गवास दि. 16.06.2011 को हो गया एवं उनके पति श्री राजन सेमुअल का स्वर्गवास दि. 17.07.2019 को हो गया एवं एक पुत्र श्री बिजु सेमुअल का स्वर्गवास दि. 10.02.2019 को हो जाने के कारण उनके एक मात्र पुत्र श्री विनोद सेमुअल द्वारा आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, पंजीकृत विक्रय पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्रों एवं आधार कार्ड की छायाप्रति संलग्न कर प्रकोष्ठ का नामान्तरण/नाम सम्मिलित अपने नाम पर करने का निवेदन किया है। यदि उक्त के संबंध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अन्दर लिखित एवं साक्ष्य/दस्तावेजों के साथ इस कार्यालय को अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

राजस्व अधिकारी
भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल

3294

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-1, गोमतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल

आम सूचना

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, करोद, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रमांक-1351/ए मण्डल द्वारा श्री सुरेश जैन आत्मज श्री मगनलाल जैन के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 19/12/2017 एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 26/7/2022 को पंजीकृत है। उक्त सम्पत्ति की लीज समयावधि दिनांक 31/3/2049 तक वैध है। श्री सुरेश जैन आत्मज श्री मगनलाल जैन द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती साजिदा बानो पत्नी श्री शकील अहमद को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक17/1/2025 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/ विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्रीमती साजिदा बानो पत्नी श्री शकील अहमद के पक्ष से हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति /उत्तराधिकारी/संस्था/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1 भोपाल

3295